बदहाली

टूटी रेलिंग और उखड़ी टाइल्स से हादसे का खतरा, नप ने मरम्मत का दिया आश्वासन

# सावन में सोनमुड़ा की बदहाली पर चिंता



**अनूपपुर, नवभारत 31 जुलाई।** सावन मास की शुरुआत के साथ धार्मिक एवं पर्यटन नगरी अमरकंटक में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। ऐसे में प्रमुख पर्यटन स्थल सोनमुड़ा की बदहाल स्थिति सुरक्षा के लिहाज से चिंता का विषय बन गई है।

करीब एक दशक पहले 15 लाख रुपये की लागत से विकसित किया गया यह स्थल अब रखरखाव के अभाव में जर्जर हो चुका है, जिससे यहां आने वाले लोगों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। सोनमुड़ा की सीढ़ियों के दोनों ओर लगी लोहे की सुरक्षा रेलिंग कई स्थानों पर टूट चुकी है, जबकि कुछ जगहों से पूरी तरह गायब हो गई है। सीढ़ियों पर लगी टाइल्स उखड़ने से श्रद्धालुओं और पर्यटकों के फिसलकर घायल होने की आशंका बनी हुई है।

### स्टील की सुरक्षा ग्रिल भी उखड़ चुकी

स्थिति केवल सीढ़ियों तक सीमित नहीं है। लाखों रुपये की लागत से बनाए गए कैंटीलीवर (दर्शक मंच) के पास लगी स्टील की सुरक्षा ग्रिल भी कई स्थानों से उखड़ चुकी है। इसके अलावा परिसर में लगाई गई प्रकाश व्यवस्था के कई खंभे क्षतिग्रस्त होकर पड़े हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और नियमित रखरखाव पर सवाल उठ रहे हैं।

### सही रखरखाव नहीं होने से बनी यह स्थिति

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2021 से अब तक प्रसाद योजना के तहत अमरकंटक में लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। इसके बावजूद समय पर रखरखाव नहीं होने से सुविधाएं तेजी से खराब हो रही हैं। ग्लास ब्रिज पर बंदरों द्वारा लाइटों को नुकसान पहुंचाने के बाद भी सुधार के दावे किए गए थे, लेकिन अब तक अपेक्षित परिणाम नहीं दिखे हैं।

**सावन में रहती हैं श्रद्धालुओं की भीड़**

सावन के दौरान मां नर्मदा मंदिर, जलेश्वर महादेव धाम सहित छत्तीसगढ़ के रतनपुर और भोरमदेव महादेव में जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु अमरकंटक पहुंचते हैं। ऐसे में सोनमुड़ा की बदहाल व्यवस्था किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इस संबंध में नगर परिषद अमरकंटक के मुख्य नपाधिकारी चैन सिंह परस्ते ने बताया कि इसकी जल्द मरम्मत कराई जाएगी।



# बारिश थमते ही रेत माफिया फिर सक्रिय

▶ उत्खनन और भंडारण पर उठे सवाल ट्रैक्टरों से हो रही रेत निकासी

**राजनगर, नवभारत 31 जुलाई।** राजनगर-डोला क्षेत्र में बारिश का दौर थमते ही एक बार फिर कथित रूप से अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण की गतिविधियां तेज होने के आरोप सामने आए हैं।

स्थानीय लोगों का दावा है कि नदी-नालों और नालों से ट्रैक्टरों के माध्यम से लगातार रेत निकाली जा रही है तथा विभिन्न स्थानों पर उसका अवैध भंडारण किया जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार सेमरा से शांतिनगर मार्ग, कुल्हड़िया नाला, मलगा-टांकी जंगल, केरहा के पीछे, झीमर मरघटी, राजनगर बड़ा मैगजीन, राजनगर ओसीएम मैगजीन तथा डूमरकछार जंगल सहित कई स्थानों पर रेत उत्खनन और भंडारण की गतिविधियां देखी जा रही हैं। आरोप है कि कुछ स्थानों पर 5 से 10 ट्रॉली तक रेत का भंडारण किया गया है।

**दस्तावेजों की जांच की मांग**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिन स्थानों पर रेत का भंडारण किया गया है, वहां रॉयल्टी, वैध परिवहन अनुमति एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की जानी चाहिए। उनका आरोप है कि खुलेआम ट्रैक्टरों से रेत का परिवहन होने के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि रेत का उत्खनन और भंडारण वैध है तो प्रशासन को इसकी सार्वजनिक रूप से पुष्टि करनी चाहिए।

# बीमारी से तंग आकर वृद्ध ने की आत्महत्या

▶ पत्नी नेत्रहीन और लकवाग्रस्त है

**अनूपपुर, नवभारत 31 जुलाई।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मौहरी गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात 75 वर्षीय रमेश चौधरी का शव उनके घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शुक्रवार सुबह जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस पूछताछ में पता चला कि रमेश चौधरी पिछले कई महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे उच्च



रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों से पीड़ित थे। वहीं उनकी पत्नी पिछले 8 से 10 वर्षों से लकवाग्रस्त हैं और नेत्रहीन भी हैं। पुलिस का अनुमान है कि लगातार बीमारी और पारिवारिक परिस्थितियों से मानसिक रूप से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया होगा। हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों की जांच जारी है।

**दोनों बेटे व अन्य सदस्य खेत में काम करने गए थे**

घटना के समय घर में केवल उनकी पत्नी मौजूद थीं, जबकि दोनों बेटे और परिवार के अन्य सदस्य खेत में काम करने गए हुए थे। रात करीब 8 बजे जब परिजन घर लौटे तो उन्होंने रमेश चौधरी को कमरे में पंखे की कड़ी से लटका हुआ देखा। इसके बाद तत्काल उन्हें नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी गई। रमेश चौधरी तीन भाइयों में से एक थे और क्षेत्र में लोक संगीत के कुशल कलाकार के रूप में पहचाने जाते थे।

### नरसिंह मंदिर में आज होगी जन्माष्टमी शोभायात्रा की प्रथम बैठक

**नवभारत, जबलपुर।** श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में संस्कारधानी में 1980 से भगवान श्री कृष्ण के पावन जन्मोत्सव पर निकाली जा रही परंपरागत ऐतिहासिक, विशाल शोभा यात्रा को पिछले वर्षों की अपेक्षा और भी भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए आवश्यक प्रथम बैठक आज शुक्रवार 31 जुलाई को शाम 5 बजे नरसिंह मंदिर में आयोजित की गई है। आगामी 4 सितंबर को निकाली जाने वाली इस शोभा यात्रा की तैयारी के लिए नगर के सहयोगी मंदिरों, सामाजिक संस्थाओं और गणमान्य नागरिकों की यह बैठक बुलाई गई है। यह पूरी यात्रा संस्थापक नरसिंहपीठाधीश्वर महंत रामचंद्रदास शास्त्री व जगतगुरु श्यामदेवाचार्य महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में तथा जगतगुरु डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज के व सभी पूज्य संतों महंतो के सानिध्य और नेतृत्व में निकाली जाएगी।

# नए विद्यालय भवन का प्रस्ताव तैयार करें : झा

▶ नवागत कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और उत्कृष्ट विद्यालय का किया निरीक्षण

**अनूपपुर, नवभारत 31 जुलाई।** नवागत कलेक्टर रत्नाकर झा ने शुक्रवार को कोतमा का दौरा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों संस्थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, ओपीडी, इमरजेंसी यूनिट तथा प्रसूति कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित सभी स्वास्थ्य सेवाएं प्रत्येक मरीज तक समय पर और प्रभावी ढंग से पहुंचें।

साथ ही आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, नियमित भंडारण की समीक्षा करने तथा किसी भी मरीज को दवा के अभाव में परेशानी न होने के निर्देश दिए।

**विद्यार्थियों से किया संवाद**

इसके बाद कलेक्टर ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं का भ्रमण कर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई तथा शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। विद्यालय भवन का निरीक्षण करने पर प्राचार्य ने बताया कि भवन काफी पुराना हो चुका है। इस पर कलेक्टर ने नए विद्यालय भवन के निर्माण के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

**एक नजर में**



### कोतमा से 47 श्रद्धालु तीर्थ यात्रा पर रवाना

**कोतमा, नवभारत।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कोतमा क्षेत्र के 47 श्रद्धालुओं का जत्था तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। नगर पालिका परिसर में आयोजित विदाई समारोह में जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इस दौरान नपाध्योक्ष अजय सराफ, उपाध्यक्ष वैशाली बद्री तामकार, अभिषेक सराफ, प्रदीप सोनी, मनोज सोनी सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने श्रद्धालुओं की सुखद, सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि वे पवित्र तीर्थ स्थलों के दर्शन कर सकुशल अपने घर लौटें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क तीर्थ यात्रा का लाभ मिल रहा है। यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं और उनके परिजनों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

### दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : झा

**अनूपपुर, नवभारत 31 जुलाई।** नवागत कलेक्टर रत्नाकर झा ने जिले के सभी विभागीय अधिकारियों और मैदानी अमले को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और मनोयोग से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में गुरुवार को आयोजित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी प्रतिदिन लंबित शिकायतों की समीक्षा करें और किसी भी शिकायत को अनअटेंडेड नहीं छोड़ें। शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से समझते हुए संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों की लोकार्पण योग्य सूची जिला पंचायत में संधारित की जाए।

# नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को 30 वर्ष का कठोर कारावास

**अनूपपुर, नवभारत 31 जुलाई।** जिला न्यायालय अनूपपुर के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) कृष्णा डागलिया की अदालत ने जैतहरी थाना क्षेत्र के चर्चित दुष्कर्म एवं हत्या प्रकरण में आरोपी को दोषी ठहराते हुए कठोर सजा सुनाई है।

न्यायालय ने आरोपी को पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत 30 वर्ष के सश्रम कारावास तथा हत्या के अपराध में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत के आदेश के अनुसार आरोपी पहले 30 वर्ष का सश्रम कारावास भुगतेगा, इसके बाद आजीवन कारावास की सजा प्रभावी होगी। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक हेमंत अग्रवाल ने पैरवी



की। पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत पीड़िता और आरोपी की पहचान गोपनीय रखते हुए उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। न्यायालय ने पीड़िता को नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं। अभियोजन के अनुसार जैतहरी थाना क्षेत्र के पनिका डोंगरी जंगल के समीप नाले के पास 13 वर्षीय बालिका का शव नग्न एवं लहूलुहान अवस्था में मिला था।

### पौधे लगाना आने वाली पीढ़ियों के प्रति नैतिक जिम्मेदारी : डॉ. मिश्रा

**नवभारत, जबलपुर।** वृक्षारोपण, प्रकृति, समाज और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी का प्रतीक है तथा आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, शुद्ध जल प्रदान करेगा, ये बातें कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहीं। मौका था जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के इमलिया फार्म में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आयोजित एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का। इस कार्यक्रम को अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. अल्पना सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# हाईस्कूल की रसोई भी साफ और छात्रों को मिली नई थाली

▶ खबर का असर : मिड डे मील बनाने वाली महिलाओं को मिला गैस सिलेंडर

**बरगवां-अमलाई नवभारत 31 जुलाई।** बरगवां-अमलाई नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 1 स्थित शासकीय हाईस्कूल में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गैस कनेक्शन उपलब्ध होने के बावजूद लकड़ी के चूल्हे पर मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) बनाए जाने को लेकर 'गैस कनेक्शन के बावजूद लकड़ी के चूल्हे पर बन रहा मिड डे मील' शीर्षक से प्रकाशित खबर के बाद आखिरकार व्यवस्था में बदलाव देखने को मिला है।



गैस कनेक्शन होने के बावजूद लकड़ी के चूल्हे पर बन रहा मिड डे मील

अनूपपुर, नवभारत 4 जुलाई।

धुएं के कारण समूह की महिलाएं हो रही बीमार



खबर प्रकाशन के बाद स्व सहायता समूह की महिलाओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही उनके विद्यालय पहुंचने से पहले भोजन तैयार करने वाले कमरे की साफ-सफाई भी कर दी गई। रसोई परिसर में रखी लकड़ियों को भी हटा दिया गया और अस्थायी चूल्हे को भी वहां से हटा दिया गया। कुछ छात्रों से बातचीत में सामने आया कि खबर प्रकाशित होने के बाद विद्यार्थियों को नई थालियों में भोजन परोसा गया और पुरानी थालियों को हटा दिया गया।

### निगरानी को लेकर कई सवाल

छात्रों के अनुसार, उसी दिन निर्धारित मानक और मेन्यू के अनुसार भोजन भी तैयार किया गया। छात्रों के इस दावे ने मध्याह्न भोजन योजना के संचालन और निगरानी को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि संबंधित अधिकारियों द्वारा समय-समय पर विद्यालय और रसोई व्यवस्था का नियमित निरीक्षण किया जाता, तो महिलाओं को लंबे समय तक धुएं के बीच लकड़ी के चूल्हे पर भोजन बनाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता।

**मामले में निष्पक्ष जांच की दरकार**

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या संबंधित विभाग इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह पता लगाएगा कि मध्याह्न भोजन योजना का संचालन अब तक निर्धारित मानकों के अनुरूप हो रहा था या नहीं? क्या विद्यार्थियों को नियमित रूप से निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था? और क्या जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समय-समय पर विद्यालय की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया जाता था? खबर के बाद व्यवस्था में आया बदलाव निश्चित रूप से सकारात्मक है।

# बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर

▶ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**कोतमा नवभारत 31 जुलाई।** जिले में आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर ने शुक्रवार को कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर के अचानक अस्पताल पहुंचने से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्थाओं, साफ-सफाई और दवाओं की उपलब्धता का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान



कलेक्टर ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया। उन्होंने वहां भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधे बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना।

### लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी

अस्पताल परिसर में स्वच्छता, दवा वितरण व्यवस्था और चिकित्सकीय सेवाओं का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों व डॉक्टरों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर गुणवत्तापूर्ण और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलना सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता और स्वच्छता पर जोर**

कलेक्टर ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) और प्रबंधन को अस्पताल में जरूरी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने तथा पूरे परिसर में निरंतर साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है और मरीजों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाना चाहिए।

### प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण : सीईओ

**अनूपपुर, नवभारत 31 जुलाई।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने जनपद जैतहरी के सभागार में ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक लेकर शासन की विभिन्न योजनाओं और ग्रामीण विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबल योजना एवं सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए लापरवाही बरतने वाले सचिवों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में सीईओ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के ग्रामीण नल-जल योजना संचालन, संधारण एवं प्रबंधन नियम-2026, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 तथा बीवीजी रामजी योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।





# छह श्रद्धालु अयोध्या-वाराणसी धाम रवाना

▶ नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने श्रद्धालुओं को किया विदा

**जमुना कोतमा पसान नवभारत 31 जुलाई।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद पसान क्षेत्र के छह श्रद्धालुओं को शुक्रवार को अयोध्या एवं वाराणसी धाम की धार्मिक यात्रा के लिए विधिवत रवाना किया गया।

नगर पालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह एवं परिषद के जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशांक आरमौ तथा यांत्रिक उमेश त्रिपाठी की उपस्थिति में तीर्थयात्रियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या प्रसाद द्विवेदी, उमरावती देवी, सरस्वती कुमार मिश्रा, जलवती महरा, मदन तिवारी एवं ज्ञाना तिवारी को अयोध्या एवं वाराणसी धाम के दर्शन के लिए रवाना किया गया।

### आस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है : सिंह

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं धार्मिक आस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है। इसके माध्यम से ऐसे वरिष्ठ नागरिकों और पात्र हितग्राहियों को देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर अब्दुल कलाम, धीरेंद्र सिंह, जिवेन्द्र सिंह, अजय यादव, राजेश मरकाम, संजय त्रिपाठी, विनोद कुमार कोल, फैयाज अहमद, विधिक सिंह, लीला गिरी, उपासना तिवारी एवं यशस्वी सिंह आदि उपस्थित रहे।





सफलता

800 ग्राम के अति-कम वजनी नवजात को दिया नया जीवन

# जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने रचा उम्मीद का नया अध्याय

**अनूपपुर, नवभारत 31 जुलाई।** जिला चिकित्सालय अनूपपुर की विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) ने अपनी विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं और समर्पित देखभाल से 800 ग्राम वजन वाले अति-कम वजनी नवजात को नया जीवन देने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार विकासखंड कोतमा के ग्राम छोटबेलिया निवासी मालती अहिरवार ने गर्भावस्था के 32वें सप्ताह में समयपूर्व प्रसव के दौरान शिशु को जन्म दिया। जन्म के समय नवजात का वजन मात्र 800 ग्राम था और उसे गंभीर श्वसन



संबंधी समस्या थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 28 जून 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी से तत्काल जिला चिकित्सालय अनूपपुर के एसएनसीयू में रेफर कर भर्ती कराया गया।

### विशेषज्ञों और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ ने किया नवजात का उपचार

एसएनसीयू में शिशु रोग विशेषज्ञों और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ ने नवजात का लगातार उपचार किया। लगभग 20 दिनों तक बबल सी-पैप के माध्यम से श्वसन सहायता प्रदान की गई। इसके साथ ही जीवनरक्षक उपचार, संतुलित पोषण और संक्रमण से बचाव के लिए विशेष देखभाल सुनिश्चित की गई। चिकित्सकीय टीम की सतत निगरानी और समर्पित प्रयासों से नवजात की स्थिति में लगातार सुधार हुआ।

**नवजात का वजन बढ़कर 1 किलोग्राम हो गया**

करीब एक माह तक चले उपचार के बाद नवजात का वजन बढ़कर 1 किलोग्राम हो गया और उसका स्वास्थ्य पूरी तरह स्थिर होने पर उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। डिस्चार्ज के समय चिकित्सकों ने परिजनों को कंगारू मदर केयर, नियमित स्तनपान, स्वच्छता और समय-समय पर फॉलोअप कराने की सलाह दी। स्वस्थ नवजात को घर ले जाते समय परिजनों ने जिला चिकित्सालय अनूपपुर की एसएनसीयू टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की सेवा एवं समर्पण की सराहना की।